हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 25 अप्रैल 2026

11 राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया नई पेयजल नीति की दी जानकारी



12 हड़ताल पर दमकल कर्मी, आग बुझाने पर रोडवेज चालक कर रहे मशक्कत



## नारनौल शहर में पानी-सीवरेज का 17.73 करोड़ बकाया, 31 मई तक राशि जमा करवाने पर नहीं भरनी होगी सरचार्ज राशि

*शहर में वर्तमान में 15091 पेयजल व 7112 सीवरेज के हैं कनेक्शन, अवैध की गिनती अनगिनत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में पानी और सीवरेज सेवाओं को लेकर उपभोक्ताओं पर भारी बकाया सामने आया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार शहर के उपभोक्ताओं पर कुल 17.73 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। इसमें पेयजल बिल की 14.28 करोड़ रुपये और सीवरेज बिल की 3.45 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। इस बढ़ते बकाया को लेकर संबंधित विभाग ने चिंता जताई है और उपभोक्ताओं से जल्द भुगतान करने को कहा जा रहा है। शहर में वर्तमान में 15091 पेयजल कनेक्शन और 7112 सीवरेज कनेक्शन दर्ज हैं। यदि श्रेणी के आधार पर आंकड़ों को देखें तो कमर्शियल कनेक्शनों की संख्या अपेक्षाकृत कम है।

पेयजल के 168 और सीवरेज के 104 कनेक्शन व्यावसायिक श्रेणी में आते हैं। वहीं घरेलू कनेक्शनों की संख्या अधिक है, जहां पेयजल के 12915 और सीवरेज के 6934 कनेक्शन शामिल हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि घरेलू उपभोक्ताओं की भागीदारी अधिक होने के बावजूद बकाया राशि का बड़ा हिस्सा इन्हीं पर केंद्रित है। बिलिंग प्रणाली की बात करें तो विभाग द्वारा शहर में हर छह महीने में पानी और सीवरेज का बिल जारी किया जाता है। घरेलू पेयजल कनेक्शन पर न्यूनतम मासिक बिल 60 रुपये निर्धारित है। इसके बाद खपत के अनुसार प्रति यूनिट सवा रुपये के हिसाब से बिल जोड़ा जाता है। हालांकि, लंबे समय तक बिल जमा न कराने के कारण यह राशि बढ़ती चली जाती है और अंततः उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है। कमर्शियल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए नियम और भी सख्त हैं। यदि किसी व्यावसायिक कनेक्शन पर मीटर नहीं लगा है तो ऐसे मामलों में सामान्य बिल की तुलना में 10 गुना तक बिल वसूलने का प्रावधान है। विभाग का मानना है कि मीटर न होने की स्थिति में पानी के दुरुपयोग की संभावना अधिक रहती है, इसलिए यह कड़ा प्रावधान लागू किया गया है।

### बिल राशि जानने के लिए करवाएं अपडेट

*इसके अलावा विभाग ने उपभोक्ताओं से अपने मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और फैमिली आईडी को अपडेट कराने की भी अपील की है। इससे बिल संबंधी सूचनाएं समय पर मिल सकेंगी और भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकेगा। कई बार देखा गया है कि संपर्क विवरण अपडेट न होने के कारण उपभोक्ताओं को बिल की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिससे बकाया बढ़ता जाता है। विभाग का कहना है कि पानी और सीवरेज जैसी मूलभूत सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए समय पर बिल भुगतान बेहद जरूरी है। बकाया राशि बढ़ने से न केवल विभाग की वित्तीय स्थिति प्रभावित होती है, बल्कि विकास कार्यों और रखरखाव पर भी असर पड़ता है।*

### 31 दिसम्बर 2025 तक के बिलों पर सरचार्ज रहेगा माफ



एसडीओ मुकेश शर्मा ने बताया कि शहर के पानी/सीवर उपभोक्ताओं के पानी के बिल काफी समय से बकाया है उनके लिए प्रदेश सरकार ने 31 दिसम्बर 2025 तक के बिलों पर सरचार्ज माफ कर दिया है। जिन-जिन उपभोक्ताओं को इस छूट का लाभ लेना है, वह अपना पानी का बिल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डल नंबर 1 नारनौल कार्यालय में आकर इस छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विभागीय पोर्टल पर स्कीम अपडेट हो गई है। ध्यान रहें इस छूट का लाभ उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिन्होंने अपने नल कनेक्शन पर पानी का मीटर लगवा रखा है। इस स्कीम का लाभ उपभोक्ता 31 मई 2026 तक उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### गाय को 'राष्ट्रीय माता' का दर्जा दिलाने की मांग

**कनीना।** सनातन धर्म उत्थान समिति द्वारा आगामी 27 अप्रैल को देशभर में एक व्यापक महाअभियान चलाने की घोषणा की गई है। यह अभियान गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित करने की मांग को लेकर शुरू किया जा रहा है। इस बारे में सामाजिक चिंतक एवं समदर्शी प्राणी कल्याण संघ के संयोजक एवं सनातन धर्म उत्थान समिति के प्रदेश संयोजक रामरतन शर्मा गोमली ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना है।

### कुरावहटा से जेरपुर तक सड़क जर्जर, हो रहे हादसे

**महेंद्रगढ़।** कुरावहटा से जेरपुर जर्जर रोड को बनवाने के लिए उम्मीद जन फाउंडेशन ने सांसद चौधरी धर्मबीर को एक पत्र भेजा हैं। उम्मीद जन फाउंडेशन के उपप्रधान संदीप फौजी ने बताया कि महेंद्रगढ़ से कुरावहटा से जेरपुर रोड जिसकी लगभग नौ किलोमीटर दूरी हैं। इस रोड पर क्रेशर जोन के प्रतिदिन एक हजार से ज्यादा वाहन चलने के कारण रोड पूरी तरह जर्जर चुका है। इस रोड को नया, चौड़ाई व हैवी मैटिरियल से बनाया जाए, ताकि दुर्घटना पर अंकुश लग सके।

### नांगल चौधरी में युवाओं की अनोखी पहल

**नांगल चौधरी।** शहर में स्थित बाबा मुकंदास गौशाला में युवा साथी ग्रुप हरियाणा और उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के युवाओं ने मिलकर गौ सेवा का सराहनीय कार्य किया। युवाओं ने पूरी लगन और श्रद्धा के साथ गायों की सेवा कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया। इस मौके पर योगेश सैनी ने बताया कि यह सेवा अभियान लगातार चलाया जा रहा है ताकि युवाओं में सेवा भावना जागृत हो और समाज के प्रति जिम्मेदारी का एहसास बढ़े।

### निःशुल्क त्वचा परामर्श शिविर आज अटेली में

**मंडी अटेली।** शहर के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए 25 अप्रैल को अटेली मंडी में निःशुल्क त्वचा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के बारे में जानकारी देते हुए अग्रवाल सभा के प्रधान संजय अग्रवाल ने बताया यह शिविर अग्रवाल सभा अटेली मंडी के तत्वावधान में आयोजित होगा।

### जमीनी विवाद : मारपीट में 2 महिलाओं सहित 4 घायल

**कनीना।** खंड के गांव रामबास में जमीनी विवाद को लेकर हुए आपसी झगड़े में दो पक्षों के चार लोगों को चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए उप नागरिक अस्पताल कनीना में दाखिल कराया गया है।

## एमएसपी से अधिक भाव पर प्राइवेट खरीद हावी, जमाखोरी रोकने को गांव-गांव छापेमारी तेज

# एमएसपी पर अब तक सरसों की खरीद ठप निगाहें राजस्थान की पड़ोसी मंडियों पर

***सरसों की सरकारी खरीद शुरू न होने से अधिकारी घिरे सवालों में, बहरोड़ सहित पड़ोसी मंडियों में तेज खरीद***

राजकुमार ▶▶ नारनौल





नारनौल। अनाज मंडी में बिक्री के लिए लाई गई सरसों, एक गांव में मंडी नियमों के विरुद्ध जमा की गई सरसों। फोटो : हरिभूमि

जिले की अनाज मंडियों में इस बार सरसों की सरकारी खरीद अब तक शुरू नहीं हो पाई है, जिससे व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात यह हैं कि मंडी अधिकारियों को सरकार को रिपोर्ट देने के लिए पड़ोसी राजस्थान की मंडियों से खरीद का डाटा मंगवाना पड़ रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि जिले में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरी हुई है।

सूत्र बताते हैं कि नांगल चौधरी अनाज मंडी के सचिव द्वारा राजस्थान की बहरोड़ मंडी से इस सीजन का आधिकारिक डाटा मंगवाया गया है। आंकड़ों के अनुसार बहरोड़ मंडी में अप्रैल महीन में अब तक 1,04,526 क्विंटल तो अबकी बार अब तक 2,43,676 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है। यानि पिछले सीजन के मुकाबले इस बार करीब 1.39 लाख क्विंटल अधिक सरसों की खरीद हो चुकी है। इतना ही नहीं, वहां किसानों को हरियाणा की तुलना में 200 से 500 रुपये प्रति क्विंटल तक ज्यादा भाव मिल रहा है। यही वजह है कि स्थानीय किसान भी निजी व्यापारियों को ही सरसों बेचने या उसे स्टॉक करने में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य करीब 6200 रुपये प्रति क्विंटल तय किया हुआ है, लेकिन मंडियों में व्यापारी 6600 रुपये तक का भाव दे रहे हैं। ऐसे में किसानों का झुकाव स्वाभाविक रूप से प्राइवेट खरीद की ओर हो गया है। सरकारी खरीद केंद्रों पर सुस्ती और प्रक्रिया में देरी ने इस स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

उधर, कोटपूतली और खैरतल जैसी राजस्थान की अन्य मंडियों में भी खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और वहां की मंडियों से भी डाटा मंगवाया जा रहा है। इससे जिले के किसानों का रुझान वहां की मंडियों की ओर बढ़ता नजर आ रहा है, जो स्थानीय प्रशासन के लिए चिंता का विषय बन गया है। क्योंकि मंडी की फीस में गिरावट आएगी और इसका सीधा असर मंडियों के विकास पर पड़ता नजर आएगा।

### नारनौल मंडी की स्थिति

यदि अकेले नारनौल मंडी के आंकड़े उठाएं तो पिछले साल रबी खरीद सीजन में 23 अप्रैल तक 153396 क्विंटल सरसों बिक चुकी थी, वहीं अबकी बार अब तक महज 54077 क्विंटल ही सरसों किसानों ने बेची है। जबकि नारनौल मंडी में कल शाम का सरसों का भाव 6610 रुपये प्रति क्विंटल था।

### बरती जा रही सख्ती

स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन ने अब सख्ती का रास्ता अपनाया है। जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी (डीएमईओ) जगजीत सिंह कादियान के नेतृत्व में तेल मिलों और गांवों में जमाखोरी के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। पहले चरण में तेल मिलों पर कार्रवाई करते हुए करीब 7.5 लाख रुपये फीस और जुर्माना वसूला गया था। अब यह अभियान गांवों तक पहुंच चुका है। हाल ही में अटेली क्षेत्र के गांव कांटी-खेड़ी में 162 क्विंटल सरसों पकड़ी गई, जिस पर 14,610 रुपये जुर्माना वसूला गया। कनीना क्षेत्र के गांव धनौंदा में 5500 क्विंटल सरसों बरामद हुई, जहां से 44,710 रुपये फीस और जुर्माना वसूला गया। वहीं, गांव मालड़ा बास में 350 क्विंटल सरसों पकड़ी गई, जिस पर 27,338 रुपये की वसूली की गई।

### यह बोले अधिकारी



डीएमईओ जगजीत सिंह कादियान ने बताया कि शुरुआत में पंचकुला की टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी की गई थी, लेकिन अब स्थानीय टीम ही इस अभियान को आगे बढ़ा रही है। पहले जहां 7.5 लाख रुपये जुर्माना एवं फीस वसूली गई थी, वहीं उक्त तीन छापेमारियों से 86,658 रुपये वसूले गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की जमाखोरी नहीं होने दी जाएगी और केवल मंडी नियमों के तहत ही सरसों एवं अन्य अनाज की खरीद की अनुमति होगी।

### सतनाली मंडी में चने की खरीद होगी शुरू, सांसद ने लिखा पत्र

- ब्लॉक सतनाली में बोया गया था सबसे अधिक चना, सैकड़ों किसानों की मांग पूरी

**महेंद्रगढ़।** सतनाली मंडी में चने की खरीद अब शुरू होगी। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सतनाली क्षेत्र के अनेक किसानों की तरफ से उनको जानकारी मिली थी कि सतनाली मंडी में चने की खरीद नहीं हो रही है, जबकी सतनाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सैकड़ों एकड़ में चने की बुआई की गई थी। इस विषय को सांसद धर्मबीर सिंह के संज्ञान में डाला गया। सांसद ने इस बारे मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक को दूरभाष के माध्यम से इस बारे जल्द-से-जल्द समाधान के निर्देश दिए। सांसद धर्मबीर सिंह ने महानिदेशक खाद्य आपूर्ति को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए थे कि सतनाली मंडी में चने की खरीद का केंद्र जल्द-से-जल्द बनाया जाए। सांसद की पैरवी को देखते हुए महानिदेशक ने शुक्रवार को लेटर जारी कर खरीद शुरू करने के आदेश दिए गए हैं।

### कनीना में गेहूं के साथ होने लगी सरसों की सरकारी खरीद



**कनीना।** नई अनाज मंडी चेलावास में गेहूं के साथ-साथ सरसों की भी सरकारी खरीद होने लगी है। मार्केट कमेटी के सचिव अजीत सिंह, मंडी सुपरवाइजर कुलदीप सिंह व आक्सन रिकॉर्डर सुरेश कुमार की टीम किसानों की सुविधा के लिए मंडी में डटी हुई है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन जेपी यादव कोटिया ने बताया कि कनीना की नई अनाज मंडी में बीती 28 मार्च से शुरू हुई सरसों की खरीद शुरू हुई थी। प्राइवेट रेट अधिक होने के कारण 23886 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जिसमें से 19110 क्विंटल सरसों का उठान किया जा चुका है। प्राइवेट रेट कम आने पर पिछले तीन दिन से सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड की ओर से 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से नैफेड के लिए खरीद की जा रही है। अब तक 2961 क्विंटल सरसों की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गेहूं की सरकारी खरीद एक अप्रैल से प्रारंभ हुई थी। खरीद एजेंसी खाद्य एवं पूर्ति विभाग की ओर से 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जा रही है। अब तक 74746 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है जिसमें से 55500 क्विंटल का उठान कर दिया गया है। खरीदे गए गेहूं का 72 घंटे के अंतराल में भुगतान किया जा रहा है। मार्केट कमेटी की ओर से रबी फसल खरीद को लेकर बायोमेट्रिक हाजिरी एवं इलेक्ट्रिक धर्म कांटे सहित बिजली, पेयजल की व्यवस्था की गई है।

## फतेहपुर में सरपंच के लिए 4 प्रत्याशियों ने नामांकन भरा

- पूर्व सरपंच संतोष देवी की पुत्रवधू सीमा ने भी भरा नामांकन, फतेहपुर गांव के 1272 मतदाता बनेंगे निर्णायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



फतेहपुर ग्राम सचिवालय।

पंचायती उपचुनाव की तारीख के ऐलान के साथ ही अटेली खंड के गांव फतेहपुर-फतनी में राजनीतिक सरगर्मियां का गर्मी के साथ तापमान तेज हो गया है। यह उपचुनाव 10 मई को होना है। गांव में सरपंच पद महिला के लिए आरक्षित होने के कारण अब तक चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा करवा दिए हैं। शनिवार को नामांकन जमा करवाने का अंतिम दिन है।

पंचायत के आम चुनावों में मोनिका गांव की सरपंच निर्वाचित हुई थी, लेकिन शिक्षिका की नौकरी मिलने पर सरपंच के पद से त्यागपत्र दे कर अध्यापिका का पेशा चुन लिया। उसके बाद गांव में 8 पंचों में बहुमत वाली पंच सुष्मिता गांव की कार्यवाहक सरपंच बनी। गांव में नई मतदाता सूची के अनुसार 1272 वोट है। 21 से 25 अप्रैल तक सरपंच के नामांकन भरे जाने की प्रक्रिया चलनी है। 26 से 27 अप्रैल तक नामों की जांच होगी तथा 28 अप्रैल तक नाम वापिस ले सकते हैं। उसके बाद उसी दिन चुनाव चिह्न भी अलाट कर दिए जाएंगे। उसके बाद 10 मई रविवार को सुबह आठ बजे से छह बजे तक मतदान होगा। गांव की महिलाएं अब खुलकर अपनी बात रख रही है और केबल नाम मात्र की प्रतिनिधि नहीं, बल्कि स्वयं और निर्णय लेने पाली महिला सरपंच की निर्वाचित हो, ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि अभी तक सुमन पत्नी सुरेंद्र, अंजना पत्नी संदीप कुमार, सीमा यादव पत्नी दीपक व पूजा शर्मा पत्नी वेद प्रकाश शामिल है। शुक्रवार तक चार प्रत्याशियों ने नामांकन जमा करा दिए है।

## हरियाणा में कांस्टेबल भर्ती के लिए पीएमटी शेड्यूल जारी, 27 से 29 अप्रैल तक होंगे टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

एचएसएससी ने कांस्टेबल जीडी और पुरुष कांस्टेबल भर्ती के लिए फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चयनित अभ्यर्थियों के पीएमटी आयोजित किए जाएंगे। जारी नोटिस के अनुसार यह शेड्यूल पहले जारी नोटिस 17 अप्रैल के क्रम में जारी किया गया है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने रजिस्ट्रेशन नंबर के अनुसार निर्धारित तिथि और समय पर पहुंचकर टेस्ट में भाग लें।

### पीएमटी चार शिफ्ट में होगा

पीएमटी तीनों दिनों में चार-चार शिफ्ट में आयोजित किया जाएगा। पहली शिफ्ट सुबह 6:30 बजे, दूसरी 8:30 बजे, तीसरी 10:30 बजे और चौथी 12:30 बजे शुरू होगी। प्रत्येक शिफ्ट में अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नंबर के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

### एडमिट कार्ड डाउनलोड करना जरूरी

अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते है। इसके अलावा पूरी जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आयोग के सचिव द्वारा जारी इस नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि सभी उम्मीदवार समय से पहले केंद्र पर पहुंचें और अपने दस्तावेज साथ लाएं ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

## बिजली के पोल चार साल पहले लगे, कनेक्शन अब तक नहीं

- आठ किलो वाट एनडीएस कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी 26 हजार व 51 हजार राशि जमा फरवरी 2022 में जमा करवाई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। बिजली के पोल दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर-बाछौद में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 बाईपास के समीप एक व्यक्ति पिछले चार साल से बिजली कनेक्शन के लिए जेई के चक्कर काट रहा है, जबकि बिजली निगम बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर रखी है, जिसमें एक माह के अंतराल में बिजली कनेक्शन मुहैया कराना होता है। आठ किलो वाट एनडीएस कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी 26 हजार व 51 हजार राशि जमा फरवरी 2022 में जमा करवाई थी, लेकिन अब तक बिजली कनेक्शन नहीं लगा है।

कनेक्शन नहीं लगने के बाद उसकी राशि भी निगम में ही जमा है। सिक्योरिटी 26 व 51 हजार राशि जमा कराने के बाद आर्डर जारी हुए बिजली के पोल भी लगा दिये थे। अब निगम उन लगाए गए बिजली पोल को हटाने चा रहा है। गांव मिर्जापुर निवासी तेजसिंह ने बताया कि तीन जनवरी 2022 को अटेली उपमंडल अधिकारी कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन किया था। ऑनलाइन आवेदन के समय 26250 रुपए भी जमा करवाये लेकिन 21 जनवरी को आवेदन निरस्त कर दिया। उसके बाद उसने 15 फरवरी को फिर से ऑनलाइन आवेदन किया। उसके बाद बिजली निगम कार्यालय में फिर से ऑनलाइन आवेदन किया उसके बाद 24 मई 2022 को कनेक्शन के आर्डर स्वीकृत कर दिये। आर्डर जारी होने के बाद बिजली निगम ने पोल भी लगो दिये थे। इस कारण उसे मानसिक, शारीरिक व आर्थिक परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। पीड़ित ने बताया कि उसने आठ किलोवाट के लिए एनडीएस कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, लेकिन समय गुजर जाने के बाद भी वह निगम के चक्कर काट रहा है। पीड़ित ने बिजली मंत्री से उसके यहां कनेक्शन लगाने की गुहार की है। वहीं निगम के जेई अशोक बताया कि जिस स्कीम के तहत यह कनेक्शन होना था वह स्कीम बंद हो गई है।

## पंचकूला, यमुनानगर और फरीदाबाद जैसे परीक्षा केंद्रों के लिए रवाना होंगी गाड़ियां

# एचसीएस के परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज की पहल नारनौल डिपो से विभिन्न शहरों के लिए चालाई जाएंगी स्पेशल बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली एचसीएस (एग्जीक्यूटिव) एवं अन्य एलाइड सर्विस प्रीलिम्स परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन नारनौल ने पूरी तैयारी ली है। नारनौल रोडवेज के महाप्रबंधक देवी दत्त ने बताया कि परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य तक समय पर पहुंचाने के लिए विभाग द्वारा विशेष बसों का संचालन किया जाएगा।

महाप्रबंधक ने बताया कि परीक्षार्थियों की सुलभता के लिए तीन प्रमुख रूट निर्धारित किए गए हैं। पहले रूट के तहत नारनौल से पंचकूला के लिए वाया एन एच 152-डी (कुरुक्षेत्र और अंबाला होते हुए) विशेष बस 26 अप्रैल की अलसुबह 01:00 बजे रवाना होगी। यह बस परीक्षार्थियों को पंचकूला, अंबाला और कुरुक्षेत्र के परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाएगी। इसी प्रकार दूसरे रूट पर नारनौल से यमुनानगर के लिए वाया महेंद्रगढ़, दादरी, रोहतक, पानीपत और करनाल होते हुए सुबह 02:00 बजे स्पेशल बस का संचालन किया जाएगा। फरीदाबाद परीक्षा केंद्र जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए तीसरे रूट के अंतर्गत वाया रेवाड़ी और गुरुग्राम होते हुए सुबह 04:00 बजे बस प्रस्थान करेगी। वापसी के लिए ये सभी बसें संबंधित शहरों (पंचकूला, यमुनानगर और फरीदाबाद) के बस स्टैंड से उसी दिन शाम 18:00 बजे (06:00 बजे) पुनः नारनौल के लिए प्रस्थान करेंगी।

### क्या कहते हैं रोडवेज जीएम

रोडवेज जीएम देवी दत्त ने स्पष्ट किया है कि इन विशेष बसों के साथ-साथ मार्ग पर चलने वाली सामान्य बसें अपने निर्धारित समय पर यथावत चलती रहेंगी। उन्होंने बताया कि एचसीएस परीक्षा के अभ्यर्थियों के लिए परिवहन विभाग की ओर से कोई भी विशेष मुफ्त यात्रा सुविधा उपलब्ध नहीं होगी उन्हें निर्धारित किराया देना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने यह फैसला परीक्षार्थियों की सहूलियत के लिए किया है ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो।



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफ Style

# साई
## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना



साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गनः मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।



## मिंदरजीत यादव के चुने जाने पर अधिवक्ताओं में खुशी

*महेंद्रगढ़। पंजाब एंड हरियाणा बार काउंसिल के चुनाव के परिणाम में मिंदरजीत सिंह यादव एडवोकेट के चुने जाने पर महेंद्रगढ़ के अधिवक्ताओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि मिंदरजीत सिंह यादव के बार काउंसिल में सदस्य चुने जाने से अधिवक्ता वर्ग की आवाज और अधिक मजबूती से उठेगी तथा न्यायिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने मिंदरजीत सिंह यादव के चुने पर जाने पर पटाखे भी फोड़े। इस मौके पर पूर्व बार प्रधान बंशीलाल यादव, पूर्व सचिव अजय नेहरा, पूर्व सह सचिव राजेश कौशिक पाली, एडवोकेट दयानंद, सुनील यादव, अंजेश यादव, योगेंद्र एडवोकेट, राजबीर यादव, पवन एडवोकेट, पवन तंवर, सतीश यादव, गणेशीलाल, अमित, गौरीशंकर एडवोकेट, शमशेर एडवोकेट सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।*

### कच्चे कर्मियों को पक्का करने, 27 हजार वेतन और 2022 के समझौते को लागू करने की उठी मांग

# झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी मांगें न मानी तो बड़े आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर सोमवार को परिषद के सफाई कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर शहर में झाड़ू प्रदर्शन कर रोष जताया। प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कर्मचारियों ने शहर में रैली निकालते हुए सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने की। प्रदर्शन उपरांत विधायक ओमप्रकाश यादव के पीए को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार समझौते के बावजूद उनकी मांगों को लागू नहीं किया जा रहा है। इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने कहा कि नगर पालिका में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों को तुरंत पक्का किया जाए और न्यूनतम 27 हजार रुपये मासिक वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि 10 नवंबर 2022 को सरकार और कर्मचारी नेताओं के बीच जो समझौता हुआ था, उसे आज तक लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं करती, तो कर्मचारी आंदोलन को और तेज करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि निकाय मंत्री के साथ कई दौर की बातचीत के बावजूद केवल आश्वासन ही दिए गए, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन के दौरान अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए।




नारनौल। नगर परिषद परिसर के बाहर सड़क पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी, प्रदर्शन करने उपरांत विधायक के पीए को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी नेता। *फोटो : हरिभूमि*

**इन्होंने लिया भाग**

प्रदर्शन में नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह संगेलिया, जिला प्रधान राहुल सारवान, महावीर प्रसाद, सुरेश कुमार, भीम सिंह, रोशन लाल, निरंजन लाल, अमित कुमार, जसवंत कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार, सतपाल सिंह, संदीप सिंह, हरिओम, लीलाराम, अजय कुमार, अशोक कुमार, गुरदयाल सिंह, रविकांत एवं प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### मनीष यादव बने जिला प्रधान

**नारनौल** । हरियाणा पब्लिक हेल्थ क्लेरिकल एसोसिएशन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जिला प्रतिनिधि सम्मेलन जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर-एक के प्रांगण में विधिवत रूप से संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता राज्य सलाहकार कृष्ण यादव ने की। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में राज्य प्रधान कपिल रावलधी, महासचिव जगमिंदर, कोषाध्यक्ष सुरेश श्योकंद व प्रेस प्रवक्ता सुनील पाराशर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### पोर्टल पर स्वयं दर्ज करें अपना विवरण

**नारनौल।** भारत की पहली डिजिटल जनगणना 2027 के ऐतिहासिक पड़ाव पर उपायुक्त अनुपमा अंजली ने जिलावासियों से इस राष्ट्रीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि नागरिक अब घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस प्रक्रिया में हरियाणा में स्व-गणना का कार्य 16 अप्रैल 2026 से शुरू हो चुका है।

### पेयजल को खुले में न बहाएं उपभोक्ता : जिला सलाहकार

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया नई पेयजल नीति की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं के माध्यम से पेयजल, स्वच्छता एवं साफ-सफाई पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान "हर घर जल", ओडीएफ प्लस सत्यापन तथा "स्वच्छ सुजल गांव" की शपथ भी दिलाई गई। जानकारी देते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस हर वर्ष 24 अप्रैल को मनाया जाता है, जो वर्ष 1993 में 73वें संवैधानिक संशोधन के लागू होने की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस संशोधन के माध्यम से भारत में पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया, जिससे ग्रामीण स्तर पर लोकतंत्र को मजबूती मिली। यह दिवस ग्रामीण विकास, विकेंद्रीकरण एवं पंचायतों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पहली बार वर्ष 2010 में मनाया गया था। यह दिवस पंचायतों की भूमिका को मान्यता देता है, जो केंद्र सरकार और ग्रामीण समुदायों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती हैं।



नारनौल। गांव मित्रपुरा में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**जिले के इन खण्डों में मनाया गया दिवस**

जिला महेंद्रगढ़ के विभिन्न खंडों के तहत नारनौल खण्ड के गांव जाखनी, निजामपुर के गांव बिगोपुर, सतनाली के गांव बलाना, सिहमा के गांव मित्रपुरा, महेंद्रगढ़ के गांव बसई, कनीना के गांव इसराना, अटेली के गांव बाछोद तथा नांगल चौधरी के गांव स्योरामनाथपुरा में ग्राम सभाओं एवं ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के साथ यह दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पेयजल संरक्षण के साथ-साथ नई संचालन एवं रखरखाव नीति 2026 के तहत ग्राम पंचायतों की भूमिका पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। यह नीति ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन का एक नया मॉडल प्रस्तुत करती है, जिसमें सरकारी तंत्र के साथ-साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी को केंद्र में रखा गया है। सरकार, ग्राम पंचायत, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति तथा जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के सहयोग से इस व्यवस्था को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गर्मी के मौसम (अप्रैल, मई एवं जून) में पेयजल की मांग बढ़ने के कारण संभावित जल संकट को ध्यान में रखते हुए सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे पानी की बर्बादी रोकने के लिए विशेष सावधानी बरतें। नलों को खुला न छोड़ें, प्रत्येक नल पर टोंटी लगाएं तथा पेयजल का उपयोग सिंचाई या बागवानी में न करें, ताकि किसी भी उपभोक्ता को पेयजल से वंचित न रहना पड़े। इस मौके पर बीआरसी इंद्रजीत, धर्मेंद्र, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, अनिता, पूजा रानी, निशु एवं मोहित कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर हुई कार्यशाला

# पशुओं में एंटीमाइक्रोबियल दवाओं के घटते असर पर चिंतन कार्यशाला

- विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पशु चिकित्सक कार्यशाला का आयोजनः पशुओं में एंटीबायोटिक दवा प्रतिरोध के बढते स्तर पर चिंतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कार्यशाला में हिस्सा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र की ओर से शुक्रवार विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर पशु ज्ञान दिवस का आयोजन उपनिदेशक कार्यालय में स्थित किसान कांफ्रेंस हाल में किया गया। इसका आयोजन वैज्ञानिक डॉ. देवेन्द्र सिंह व वैज्ञानिक डॉ. ज्योति शुन्थवाल द्वारा किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नसीब सिंह रहें। कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी डॉ बलजीत एवं डॉ रोहताश, वशिष्ठ अतिथि रहें। इस अवसर पर पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, पोषण एवं आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी दी गई। पशु चिकित्सकों के लिए आयोजित कार्यशाला में उभरती बीमारियों, टीकाकरण रणनीतियों तथा एक स्वास्थ्य अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की गई। वैज्ञानिक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत लाभकारी होते हैं। उन्होंने बताया पशुपालन में अनियंत्रित एवं अनुचित एंटीबायोटिक्स के इस्तेमाल से उभरता हुआ संकट है, एंटी माइक्रोबिअल रेजिस्टेंस के कारण मानव एवं पशु दोनों में इलाज में चुनौतियाँ बढ़ती जा रही हैं। वैज्ञानिक डॉ. ज्योति शुन्थवाल ने बताया कि पशुपालन, वन्यजीव एवं जलवायु परिवर्तन के गहरे सम्बन्ध हैं। पशु आहार में मिलावट, एंटीबायोटिक, कीटनाशक, होना बहुत आम हो गया हैं, जिसके कारण पशु उत्पाद में भी इनके अंश पाए जा सकते हैं, जिसका सेवन अंत में इंसानों के लिए खतरनाक हो सकता है।

### मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान दुर्भाग्यपूर्णः प्रो. रामबिलास

**महेंद्रगढ़।** पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादी कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निम्न स्तर की राजनीति को दर्शाता है। आजादी के बाद लंबे समय तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का इस प्रकार का बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और जनता द्वारा चुने गए प्रधानमंत्री का अपमान है। शर्मा ने पश्चिम बंगाल के चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले चरण में ही जनता का रुझान भाजपा के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में ममता बनर्जी के शासन का अंत निकट है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है और वहां गुंडा तत्व हावी हैं, जिन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है।



# एचपीवी वैक्सीन से छात्राओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी, सर्वाइकल कैंसर से मिलेगी सुरक्षा

- 14–15 वर्ष की छात्राओं को वैक्सीन के महत्व के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निजामपुर

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन को लेकर राजवंशी सीनियर सकेंडरी स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दोचाना सीएचसी की एसएमओ डॉ अंजली सैनी व टीकाकरण मिशन के अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि एचपीवी एक ऐसा वायरस है जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों, विशेषकर सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का कारण बन सकता है। समय रहते इसका टीकाकरण करवाना इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है। जागरूकता कार्यक्रम में 14 से 15 वर्ष की छात्राओं को इस वैक्सीन के महत्व से अवगत कराया, कहा कि टीका शरीर में बेहतर प्रतिरक्षा (इम्यूनिटी) विकसित करता है, जिससे भविष्य में संक्रमण का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। यह टीका सुरक्षित है और इसके दुष्प्रभाव बेहद मामूली होते हैं, जैसे हल्का दर्द या सूजन, जो कुछ समय बाद अपने आप ठीक हो जाती है। टीम में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक सिंघानिया, डॉ मुकुल तथा स्टाफ नर्स सविता भी मौजूद रही है। इस दौरान छात्राओं की भ्रांतियों एवं सवालों के जवाब दिए और उन्हें टीकाकरण के प्रति जागरूक किया है।



**निजामपुर।** राजवंशी स्कूल में एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करती विभागीय चिकित्सक टीम। *फोटो : हरिभूमि*

# विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस पर विवि में लगाई प्रदर्शनी



**महेंद्रगढ़।** विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय के सहयोग से विधि पुस्तकालय में एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्धेश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में पठन-पाठन की आदत को प्रोत्साहित करना तथा कॉपीराइट एवं बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि पुस्तकें शिक्षार्थी के जीवन की स्थायी साथी होती हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में, जहां ध्यान भटकाने वाले अनेक साधन मौजूद हैं, वहीं मुद्रित पुस्तकों के अध्ययन से एकाग्रता, आलोचनात्मक चिंतन एवं शैक्षणिक ईमानदारी का विकास होता है। कुलपति ने कहा कि कॉपीराइट की समझ केवल कानूनी आवश्यकता नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है, जो सृजनकर्ताओं की मौलिकता की रक्षा करती है और नवाचार को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पारंपरिक ज्ञान से लेकर आधुनिक डिजिटल सृजन तक सभी प्रकार की बौद्धिक संपदा का सम्मान करने का आह्वान किया तथा इस सार्थक एवं ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए विधि विभाग एवं केंद्रीय पुस्तकालय को बधाई दी।

# कनीना उप चुनाव के लिए शुक्रवार को दो प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**-आवेदन के लिए शनिवार को सायं तीन बजे तक का समय शेष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका अंतर्गत वार्ड 14 के लिए होने वाले उप चुनाव के दृष्टिगत शुक्रवार को चौथे दिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बलजीत राज और सुरेंद्र ने अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर चुनाव रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। जो चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मतदाताओं की सहायता तथा किसी प्रकार की शिकायत के समाधान के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर 01285-294030 जारी किया गया है। चुनाव के आरओ एवं एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने ने बताया कि 670 मतों वाले वार्ड 14 के लिए आगामी 10 मई को पितामह कानसिंह धर्मशाला में बनाए गए मतदान केंद्र में होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रक्रिया जारी है। आज शनिवार सांय तीन बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाने की समय निर्धारित है। 27 अप्रैल, सोमवार को नामांकन पत्रों की छंटनी की जाएगी और 28 अप्रैल को नामांकन पत्र वापस लेने की प्रक्रिया के बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएगें। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 10 मई को चुनाव कराए जाएंगे तथा 13 मई को मतगणना की जाएगी। बता दें कि वार्ड 14 से राजेंद्र लोढ़ा पार्षद चुने गए थे। जिनका बीते दिसंबर माह में निधन होने के बाद वार्ड पार्षद का पद रिक्त हो गया था। राज्य चुनाव आयोग की ओर से उप चुनाव के लिए जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक वार्ड 14 सहित कनीना विकास खंड के गांव स्याना, कपूरी, भोजावास, छितरौली व धनौंदा में भी पंचायत सदस्यों का उपचुनाव होगा।



**कनीना।** वार्ड 14 के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते प्रत्याशी। *फोटो : हरिभूमि*

### वक्ताओं ने साहित्यकार बहुआयामी व्यक्तित्व और समाज सेवा को किया याद

# स्व. टीसी प्रकाश की 18वीं पुण्यतिथि मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला से सटे राजस्थान के गांव शिमला में शेखावाटी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय टीसी प्रकाश की 18वीं पुण्यतिथि खेड़वाल सदन में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अनिल शर्मा दलोता ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पार्षद राव ईश्वर सिंह थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. चंद्रशेखर चौधरी, डॉ. सुरेश चंद जाट, प्रिंसिपल पुरुषोत्तम शर्मा, यदुवंशी बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य बजरंग लाल यादव, कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष करण सिंह यादव, प्रशासक प्रतिनिधि शीशराम निनानिया, यादव महासभा नीमकाथाना के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव आदि थे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्व. टीसी प्रकाश के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। स्वागत भाषण रामानंद शर्मा ने दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राव ईश्वर सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. टीसी प्रकाश बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे और उनका व्यक्तित्व एक अलग पहचान रखता था। उन्होंने पत्रकारिता के साथ-साथ समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने रामानंद शर्मा को इस प्रकार के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक संतान को अपने पूर्वजों की स्मृति में कुछ न कुछ करना चाहिए, ताकि समाज को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोग अपने पूर्वजों को भूल जाते हैं, लेकिन टीसी प्रकाश के परिवारजन हर वर्ष इस प्रकार का आयोजन कर समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं, जो वास्तव में सराहनीय है।




नारनौल। स्व. टीसी प्रकाश की पुण्य तिथि मनाते हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर सतीश चंद्र शर्मा, गोविंदराम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, ज्योतिषाचार्य अभिमन्यु पाराशर, निखिल शर्मा, अमित शर्मा, नरेश यादव, लालचंद, पवन कुमार पचेरिया, लीलाधर टेलर, विजय सिंह होलदार, शानू शर्मा, आर्यन शर्मा, कविश पाराशर, अमित कुमार शर्मा, दक्ष शर्मा, देवांश, संजय निर्माण, राजेंद्र प्रजापत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से स्व. टीसी प्रकाश के जीवन, उनके व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया गया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया गया।

### स्वास्थ्य विभाग ने टीबी के लिए भांडोर निची में लगाया निक्षय शिविर

**महेंद्रगढ़।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा सरकार के दिशा–निर्देश पर उपमंडल के गांव भांडोर नीची में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामनिवास डहीनवाल, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर सुरजीत सिवाच, डॉ. चंद्रपाल व स्वास्थ्य कर्मी अनूप रिवासा ने सभी जांच सुविधाओं से युक्त एक मोबाइल एम्बुलेंस में 132 मरीजों की जांच करके 21 मरीजों के बलगम के नमूने लिए। शिविर मे ह्यूमन सपुटम करियर जयप्रकाश नें मरीजों के बलगम के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे। शिविर में मुख्य रूप से साठ साल से अधिक बुजुर्गों, टीबी मरीजों के संपर्क में आए व्यक्तियों, शुगर व बीपी के मरीज आदि की जांच करके मौके पर ही उनकों दवाई दी गई।



## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल कनेक्शन स्थल से केबल चोरी

**महेंद्रगढ़।** गांव आकोदा में अज्ञात चोर एक ट्यूबवेल कनेक्शन स्थल से बिजली की केबल चोरी कर ले गए। निगम के एसडीओ ने पुलिस थाने में शिकायत देकर चोर को पकड़ने व केबल बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर चोर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव आकोदा निवासी रामौतार के ट्यूबवेल विद्युत कनेक्शन स्थल पर विभागीय कार्य चल रहा था।

### सीजेएम ने जाना कैदियों का हाल

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नीलम कुमारी ने शुक्रवार जिला जेल नारनौल का औचक दौरा किया। यह दौरा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान /"न्याय और सम्मान/" के उपलक्ष में था। इस अभियान का मूल उद्देश्य समाज के उन तबकों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है, जो जेल की दीवारों के पीछे अक्सर खुद को उपेक्षित महसूस करते हैं।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित अपराधी किया घोषित

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपित के पेश न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने आरोपित सुरेश महेंद्रगढ़ को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत नई प्राथमिकी भी दर्ज की है। अदालत में सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता पेश हुए।

### डीसी ने ली समाधान शिविर की समीक्षा बैठक

**नारनौल।** उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार स्थानीय लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को जन समस्याओं के निपटारे के प्रति और अधिक गंभीर रहने की हिदायत दी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा लोगों की शिकायतों का मौके पर ही उचित समाधान करना है। ऐसे में अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जितने भी पुराने मामले लंबित हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।

*सीएम नायब सिंह सैनी ने वीसी के जरिए ली नीट परीक्षा की समीक्षा बैठक*

# नीट परीक्षा की तैयारी: एंट्री द्वार पर रहेगी छाया की व्यवस्था, केंद्रों पर मुस्तैद रहेंगे बिजली कर्मी व एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

> परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए प्रशासन करेगा पुख्ता प्रबंध

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी तीन मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2026) को लेकर शुक्रवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ की तरफ से उपायुक्त अनुपमा अंजली ने इस संबंध में अब तक किए गए प्रबंधों की सिलसिलेवार जानकारी दी। मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद उपायुक्त ने जिला स्तर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि नीट परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था इस तरह से दुरुस्त की जाए ताकि परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के आराम से अपने केंद्रों तक पहुंच सकें। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास एंबुलेंस की तैनाती की जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने बुनियादी सुविधाओं पर जोर देते हुए कहा कि



नारनौल। मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करतीं डीसी अनुपमा अंजली।

परीक्षा केंद्रों पर बिजली, स्वच्छ पेयजल और शौचालयों की उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही गर्मी के प्रभाव को देखते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्रों पर एंट्री के दौरान परीक्षार्थियों के लिए छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें धूप में परेशान न होना पड़े। परीक्षा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त ने बिजली निगम के अधिकारियों को पाबंद किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा के समय सभी केंद्रों पर एक-एक बिजली कर्मी की तैनाती रहेगी जो किसी भी तकनीकी खामी को तुरंत दुरुस्त करेगा। उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर उम्मीदवारों का प्रवेश सुबह 11 बजे से शुरू हो जाएगा और दोपहर 01:30 बजे के बाद किसी भी स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक, एडीसी तरुण कुमार पावरिया, एसडीएम नारनौल अनिरुद्ध यादव, एसडीएम महेंद्रगढ़ योगेश सैनी, एसडीएम नांगल चौधरी उदय सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### नीट परीक्षा की शुचिता के लिए धारा 163 लागू

**नारनौल।** जिला प्रशासन ने आगामी 3 मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी 2026) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और नकल मुक्त संपन्न कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इस परीक्षा के मद्देनजर जिलाधीश अनुपमा अंजली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत कड़े निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार परीक्षा के दिन जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### परीक्षा शुचिता के लिए सख्त निर्देश

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिले की राजस्व सीमा में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों को भी परीक्षा के दिन बंद रखा जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर केवल अधिकृत नागरिकों को ही प्रवेश की अनुमति होगी, जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र अनिवार्य है। इन आदेशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने पुलिस प्रशासन को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं ताकि परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## मोहिनी सिनेमा हाल में वेल्डिंग से भड़की आग, संकरी गली बनी चुनौती

# हड़ताल पर दमकल कर्मी, आग बुझाने पर रोडवेज चालक कर रहे मशक्कत

> धरसूं के खेतों में सरसों की पदाड़ी में लगी आग, तीन गाड़ियों ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शुक्रवार को क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर आगजनी की घटनाएं सामने आईं। खास बात यह रही कि इन घटनाओं के दौरान दमकल विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को रोडवेज चालकों के सहारे मौके तक पहुंचाया गया। इस चुनौतीपूर्ण स्थिति के बावजूद आग पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार नगर परिषद के सामने मोहिनी गली स्थित पुराने मोहिनी सिनेमा हॉल में शुक्रवार सुबह करीब पौने 11 बजे आग लग गई। उस समय हॉल में रेनोवेशन और मॉडिफिकेशन का कार्य चल रहा था तथा अंदर मजदूर मौजूद थे। वेल्डिंग के दौरान चिंगारी फोम पर गिरने से अचानक आग भड़क उठी। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन गली संकरी होने के कारण गाड़ियां अंदर तक नहीं जा सकीं। एक गाड़ी नगर परिषद की ओर सड़क पर तथा दूसरी बस स्टैंड की ओर खड़ी करनी पड़ी।





नारनौल। मोहिनी सिनेमा के ऊपरी हिस्से से निकलता धुआं व धरसूं गांव में लगी पदाड़ी में आग। फोटो: हरिभूमि

### धरसूं में सरसों की पदाड़ी जली

दूसरी घटना गांव धरसूं में सामने आई, जहां खेतों में रखी सरसों की पदाड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाता रहा। हालांकि आग से लाखों टन की सरसों की पदाड़ी जलकर राख हो गई।

### हड़ताल के बीच रोडवेज चालकों ने संभाली कमान

गौर हो कि इन दोनों घटनाओं के दौरान दमकल विभाग के कर्मचारी फरीदाबाद में हाल ही में हुए अग्निकांड में दो कर्मचारियों के शहीद होने के बाद मुआवजे की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। ऐसे में आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को रोडवेज चालकों से चलवाया। सीमित संसाधनों और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आग पर समय रहते काबू पाने के प्रयास जारी हैं।

### महेंद्रगढ़ में भी सफाई कर्मचारियों का झाड़ू प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** नगर पालिका सफाई व दमकल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को झाड़ू प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के प्रति नारेबाजी भी की। कर्मचारी मौहल्ला वाल्मीकि इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते विधायक कंवर सिंह के आवास पर पहुंचकर अपनी मांगों को एक ज्ञापन सौंपा।

### अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने हेल्थ मंत्री को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**मंडी अटेली।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की ओर से स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली स्थित कार्यालय में शुक्रवार को पीए विकास को दमकल कर्मियों के परिवारों को न्याय दिलाने तथा दमकल कर्मचारियों की न्यायोचित लंबित मांगों को त्वरित समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रधान प्रदीप कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका अटेली के सफाई कर्मियों ने दमकल कर्मियों की मांगों को अपना समर्थन दिया। प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद के मुजेसर के स्टील फैक्ट्री अग्निकांड में दमकली भविचंद शर्मा व रणबीर सिंह आग बुझाते समय शहीद हो गए थे। इस कांड में एक हरियाणा पुलिस कर्मी भी आग की चपेट में आ गया था। उसके परिवार को तो सरकार ने आर्थिक सहायता के रूप में एक करोड़ रुपये व परिवार के एक सदस्य को नियमित नौकरी प्रदान कर दी थी, लेकिन दमकल कर्मी के परिवार को न तो किसी प्रकार की आर्थिक सहायता मिली तथा न ही परिवार को किसकी प्रकार की नौकरी मिली।



नांगल चौधरी। शिक्षकों को जिम्मेवारी सौंपते बीइओ विकास जयदीप।

### प्रत्येक स्कूल में दो खेलों की टीम तैयार करने की सौंपी जिम्मेदारी

> ■ डीपीई अखिलेश तंवर ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त

**नांगल चौधरी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहबाजपुर में खेलो इंडिया खेलो नांगल चौधरी अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अरविंद चौधरी व उनकी सुपुत्री श्वेता जिंदल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विकास जयदीप ने की है, जिसमें प्रत्येक स्कूल को विद्यार्थियों की रूची के अनुसार दो खेलों की टीम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में सक्रिय रहने वाले विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास संभव होता है। इसलिए सरकार ने स्कूलों में खेलो इंडिया खेलो मुहिम चलाई है। मिशन के अंतर्गत नांगल चौधरी ब्लॉक की प्रत्येक विभागीय स्कूल में बच्चों की रूची के अनुसार दो खेलों की टीम तैयार की जाएगी। खेलों के लिए सभी संस्थाओं में ग्राउंड तैयार किए जाएंगे तथा संसाधनों का प्रबंध कर लिया है। सीनियर सकेंडरी स्कूल कांवी के डीपीई अखिलेश तंवर को ब्लॉक नोडल का जिम्मेवारी सौंपी है। जोकि स्कूलों के बुलावे में विद्यार्थियों को खेलों के टिप्स देंगे तथा निर्धारित नियमों व सरकार की योजनाओं से अवगत कराएंगे।

### जीएल महिला डिग्री कॉलेज में हुई फेयरवेल



**कनीना।** जीएल महिला डिग्री कॉलेज में फेयरवेल पार्टी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया गया, जिसे रंग-बिरंगी सजावट, गुब्बारों और लाइटिंग से आकर्षक रूप दिया गया था। इस अवसर पर जूनियर छात्रों ने सीनियर्स के लिए कई मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गीत, नाटक और फैशन शो शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्यतिथि सुभाष लोढा ने दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया। सुभाष लोढा और जेपी लोढा ने अपने संबोधन में छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना दीं।

## निजामपुर स्कूल में हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



नारनौल। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में शुक्रवार अन्तर सदनीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य अजीत सिंह यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव रहे। यह प्रतियोगिता कक्षा 9वीं से 12वीं तक के राधाकृष्ण, मीराबाई, मंगल पांडे व कल्पना चावला सदन के बीच हुई। इसमें विजेता मंगल पांडे सदन, दूसरे पर राधाकृष्ण तथा तीसरे पर कल्पना चावला सदन रहे। यह प्रतियोगिता पांच चरण में आयोजित की गई। जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, खेल, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सामान्य ज्ञान शामिल किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार ने कहा कि आज का युग प्रतियोगिता का है और विद्यार्थी जितना सामान्य ज्ञान से तथा शिक्षा से जुड़ा रहेगा व उतना ही जीवन में सफल रहेगा। वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने भी सभी विजेताओं को बधाई दी। इस प्रतियोगिता का आयोजन कैरियर काउन्सलर आरडी सक्सेना की देखरेख में हुआ।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### आरपीएस में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सिविल, इलेक्ट्रिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पांचवें व सातवें सेमेस्टर के टॉप रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा गेट परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि संस्थान निदेशक डॉ. महेश कुमार यादव रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित करते हैं। डीन अकादमिक प्रो. आरएस यादव, सीईओ मनीष राव तथा रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने भी विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग रोहित यादव, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष पूनम यादव तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभागाध्यक्ष दिनेश यादव ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके निरंतर प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनकी उपलब्धियों को सभी के साथ साझा किया गया।

### सिंघानिया विवि सीयूइटी यूजी में शामिल

**नारनौल।** पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीयूइटी यूजी 2026 में स्वयं को शामिल कर लिया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया को राष्ट्रीय स्तर का एक मजबूत मंच प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश अब सीयूइटी के माध्यम से भी किया जा सकता है। सीयूइटी जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित किया जाता है, देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए एक साझा और पारदर्शी प्रणाली प्रदान करता है। इस परीक्षा के माध्यम से छात्र एक ही स्कोर के आधार पर कई विश्वविद्यालयों में आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं से राहत मिलती है। सिंघानिया विश्वविद्यालय द्वारा सीयूइटी के अंतर्गत बीएससी व बीटेक सहित विभिन्न स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विषय संयोजन एवं पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को अपने रुचि एवं योग्यता के अनुसार पाठ्यक्रम चुनने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि सीयूइटी में शामिल होने से प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, मेरिट आधारित एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनेगी। साथ ही, ग्रामीण एवं स्थानीय क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर मिलेगा।



नारनौल। सिंघानिया विश्वविद्यालय। फोटो: हरिभूमि



नारनौल। सफल होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### श्रीकृष्ण स्कूल ने जेईई मेन्स में सफल छात्रों को किया सम्मानित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में जेईई मेन्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सफल विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र रोहित पुत्र विक्रम ने 98.44 पर्सेंटाइल, मानव पुत्र गंगाराम ने 98.44 पर्सेंटाइल, सितांशु पुत्र देवेंद्र कुमार ने 92.55 पर्सेंटाइल, नितिन पुत्र राजकुमार ने 92.50 पर्सेंटाइल, हिमेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार ने 88.00 पर्सेंटाइल, संदेश पुत्र कर्ण सिंह ने 83.53 पर्सेंटाइल, यश कुमार पुत्र सुनील कुमार ने 81.20 पर्सेंटाइल तथा दीपांशु पुत्र भूप सिंह ने 81.30 पर्सेंटाइल प्राप्त कर सफलता हासिल की। इनके अतिरिक्त अन्य पांच विद्यार्थियों ने भी परीक्षा क्वालिफाई की। इसके अतिरिक्त आईक्यूएफ एनसीईआरटी ओलम्पियाड के पांच विद्यार्थियों नेहा पुत्री कृष्ण कुमार, अनंत पुत्र महेश कुमार, जिज्ञासा पुत्री जितेन्द्र, प्रिया पुत्री राधेश्या एवं नवनीत पुत्र अनिल कुमार को भी नगद राशि व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## तेज दुर्गंध से ग्रामीण परेशान, स्वास्थ्य खतरे बढ़े; जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# सिहमा नहर किनारे मरी मुर्गियां फेंकने से फैली बदबू, ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

सिहमा गांव के पास नारनौल ब्रांच नहर की पगडंडी पर अज्ञात लोगों द्वारा सैकड़ों की संख्या में मरी हुई मुर्गियां फेंकने का मामला सामने आया है। यह मुर्गियां खामपुरा की ओर जाने वाले रास्ते पर बीती रात्रि कै डाली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में तीव्र दुर्गंध फैल गई है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार यह पगडंडी खेतों में जाने का मुख्य मार्ग है जहां से किसान, मजदूर और अन्य लोग रोजाना गुजरते हैं। सुबह जब लोग खेतों की ओर गए तो रास्ते पर बड़ी संख्या में मरी हुई मुर्गियां



मंडी अटेली। सिहमा नहर किनारे पड़ी मरी हुई मुर्गियां। फोटो: हरिभूमि

पड़ी मिलीं, जिन्हें देखकर सभी हैरान रह गए। तेज बदबू के कारण वहां रुकना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या दिनभर और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि धूप में सड़न बढ़ने से दुर्गंध कई गुना बढ़ जाती है। इस घटना से न केवल लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी पैदा हो गए हैं। सड़ती हुई मुर्गियों से फैलने वाली बदबू बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास के खेतों में काम करना भी मुश्किल हो गया है और बच्चों व बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक है। ग्रामीणों ने इस घटना को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया है और इसे बेहद गैर–जिम्मेदाराना कृत्य बताया है।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

ग्रामीण सत्यप्रकाश, संदीप, प्रवीण, समल सिंह, राजवीर, कंवर सिंह ने बताया कि सिहमा क्षेत्र के आसपास करीब 10 मुर्गी फार्म संचालित हो रहे हैं ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इन्हीं में से किसी फार्म से मरी हुई मुर्गियों को लाकर इस तरह खुले में फेंका जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से इन फार्मों की जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है ताकि बार-बार हो रही इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

### पहले भी हो चुकी घटना

वर्ष 2024 में 29 जुलाई को सिहमा के श्मशान घाट में अज्ञात लोगों द्वारा मरी हुई मुर्गियां डालने पर ग्रामीणों ने पुलिस में शिकायत दी थी। वहीं पिछले वर्ष 10 अप्रैल इसी नहर के अंदर एनबी पंप हाउस चार के समीप रात्रि के समय कोई अज्ञात लोगों द्वारा तीन से चार कट्टे डाल गया। उस समय मरी हुई मुर्गियों को नहर विभाग के जेई ने जेसीबी की सहायता से नहर से निकलकर मिट्टी में दबा दिया था।